**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1298**
**09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कायाकल्प पुरस्कार विजेता**

**1298. श्री दिनेश लाल यादव 'निरहुआ':**
**श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कायाकल्प योजना का सार क्या है;

(ख) वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2021-22 तक कायाकल्प पुरस्कार विजेताओं की संख्या में कितनी वृद्धि हुई है;

(ग) वित्तीय वर्ष 2021-22 में जोड़े गए अतिरिक्त विषयों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेवाओं, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों में वितरित पुरस्कारों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क): कायाकल्प योजना सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत अभियान के प्रयासों के पूरक के रूप में शुरू की गई थी। यह ऐसे सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाकेन्द्रों जो उच्च स्तर की स्वच्छता, स्वास्थ्य कारित और संक्रमण नियंत्रण का प्रदर्शन करती हैं को मान्यता और प्रोत्साहित करने के लिए एक राष्ट्रीय पहल है। स्वास्थ्य सुविधाकेन्द्रों में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी संक्रमण को नियंत्रित करने और रोगियों तथा आगंतुकों को सकारात्मक अनुभव प्रदान करने हेतु महत्वपूर्ण है। यह स्वच्छ पर्यावरण हेतु संबंधित व्यवहार परिवर्तन को भी प्रोत्साहित करता है।

**कायाकल्प योजना के उद्देश्य** :

1. जन स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाकेन्द्रों में स्वच्छता, स्वास्थ्य-कारिता और संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं को बढ़ावा देना।
2. ऐसी जन स्वास्थ्य सुविधाकेन्द्रों को प्रोत्साहन और मान्यता जो स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण के मानक प्रोटोकॉल का पालन करने में अनुकरणीय प्रदर्शन करते हैं।
3. स्वास्थ्य-कारिता, स्वच्छता और सफाई से संबंधित प्रदर्शन के लिए चल रहे मूल्यांकन और सहकर्मी समीक्षा की संस्कृति को विकसित करना
4. सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों से जुड़े जन स्वास्थ्य सुविधाकेन्द्रों में बेहतर स्वच्छता से संबंधित स्थायी प्रथाओं को बनाना और साझा करना।

यह योजना दो स्तरों पर कार्यशील है:

(क) जिला अस्पतालों तक के जन स्वास्थ्य सुविधाकेन्द्र;

(ख) केन्द्र सरकार के अस्पताल।

(ख): वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2021-22 तक कायाकल्प सुविधाकेन्द्रों की संख्या में वृद्धि निम्नानुसार है:

(क) जिला अस्पतालों तक के जन स्वास्थ्य सुविधाकेन्द्र - वित्त वर्ष 2015-16 में 97 से बढ़कर वित्त वर्ष 2021-22 में 13915 हो गए। ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख) केन्द्र सरकार के अस्पतालों का ब्यौरा **अनुलग्नक-II में** दिया गया है।

(ग): वर्ष 2021-22 में जिला अस्पताल स्तर तक जन स्वास्थ्य सुविधाकेन्द्रों के मानदंडों में एक नया विषयगत क्षेत्र, पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं जोड़ी गई थी।

(घ): कायाकल्प योजना अब एक प्रोत्साहन योजना है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेवाओं, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों में वितरित प्रोत्साहनों का विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

*अनुलग्नक*-**I**

## (*क*) *कायाकल्प प्रोत्साहन विजेता- वित्त वर्ष* **2015-16** *से* **2021-22** *तक जिला अस्पताल स्तर तक सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाकेन्द्र*

| स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाकेंद्र | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-2020** | **2020-21** | **2021-22** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला अस्पताल | 97 | 191 | 289 | 395 | 372 | 455 | 410 |
| एसडीएच/सीएचसी | शून्य | 318 | 760 | 1140 | 1769 | 2559 | 2154 |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र | शून्य | 1044 | 1729 | 2723 | 4078 | 6330 | 5329 |
| शहरी स्वास्थ्य सुविधाकेंद्र | शून्य | शून्य | 181 | 562 | 1010 | 1531 | 1216 |
| स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र (एससी) | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | 374 | 1932 | 4758 |
| पर्यावरण-अनुकूल सुविधाएं (डीएच) | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | 22 |
| पर्यावरण-अनुकूल सुविधाएं (एसडीएच/सीएचसी) | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | 26 |
| **कुल** | **97** | **1553** | **2959** | **4820** | **7603** | **12807** | **13915** |

**अनुलग्नक-II**

**(क) वित्त वर्ष 2015-16 से 2021-22 तक केंद्र सरकार के संस्थानों को कायाकल्प प्रोत्साहन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्ष **2015-16** के लिए | | | |
| 1 | पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ | प्रथम स्थान | 5.00 करोड़ रु. |
| 2 | एम्स, नई दिल्ली | द्वितीय स्थान | 3.00 करोड़ रु. |
| 3 | निग्रिह्मस, शिलांग | तृतीय स्थान | 1.00 करोड़ रु. |
| वर्ष **2016-17** के लिए | | | |
| 1 | एम्स, नई दिल्ली | प्रथम स्थान | 5.00 करोड़ रु. |
| 2 | निग्रिह्मस, शिलांग | द्वितीय स्थान | 3.00 करोड़ रु. |
| 3 | पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ | तृतीय स्थान | 1.00 करोड़ रु. |
| 4 | एम्स, रायपुर,<br>एम्स, जोधपुर,<br>एनआईटीआरडी, दिल्ली-विशेष प्रशस्ति | चौथा स्थान | प्रशस्ति के रूप में प्रत्येक को 50 लाख रु |
| वर्ष **2017-18** के लिए | | | |
| समूह क | | | |
| क) | विजेता | एम्स, नई दिल्ली | 2.5 करोड़ रु. |
| ख) | रनर अप | पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ | 1.50 करोड़ रु. |
| ग) | प्रशस्ति पुरस्कार | जिपमेर, पुडुचेरी<br>सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली | 50 लाख रु.प्रत्येक |
| घ) | प्रशंसा प्रमाणन | एमजीआईएमएस, वर्धा | |
| समूह ख | | | |
| क) | विजेता | निग्रिह्मस, शिलांग | 1.50 करोड़ रु. |
| ख) | रनर अप | एम्स, भुवनेश्वर | 1.00 करोड़ रु. |
| ग) | प्रशस्ति पुरस्कार | निमहांस, बंगलौर<br>एम्स, ऋषिकेश<br>एम्स, रायपुर<br>एनआईटीआरडी, नई दिल्ली<br>एम्स, भोपाल | 50 लाख रु.प्रत्येक |
| घ) | प्रशंसा प्रमाणन | एम्स, जोधपुर | |
| वर्ष **2018-19** के लिए | | | |
| समूह क | | | |
| क) | विजेता | एम्स, नई दिल्ली | 3.00 करोड़ रु. |
| ख) | रनर अप | जिपमेर, पुडुचेरी | 1.50 करोड़ रु. |
| ग) | प्रशस्ति पुरस्कार | (i) पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़<br>(ii) सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली | प्रत्येक को 50 लाख रु. |
| समूह ख | | | |
| क) | विजेता | श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल, सिलवासा | 2.00 करोड़ रु. |
| ख) | रनर अप | एम्स, भुवनेश्वर | 1.00 करोड़ रु. |
| ग) | प्रशस्ति पुरस्कार | (i) निग्रिह्मस, शिलांग<br>(ii) एलजीबीआरआईएमएच, तेजपुर<br>(iii) एम्स, भोपाल | प्रत्येक को 50 लाख रु. |
| **वर्ष 2019-20 के लिए** | | | |
| समूह क | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | विजेता | एम्स, नई दिल्ली | 3.00 करोड़ रु. |
| ख) | रनर अप | जिपमेर, पुडुचेरी | 1.50 करोड़ रु. |
| ग) | प्रशस्ति पुरस्कार | पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली | प्रत्येक को 31.25 लाख रु. |
| समूह ख | | | |
| क) | विजेता | एम्स, भुवनेश्वर | 2.00 करोड़ रु. |
| ख) | रनर अप | श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल, सिलवासा | 1.00 करोड़ रु. |
| ग) | प्रशस्ति पुरस्कार | एम्स, ऋषिकेश<br>एम्स, जोधपुर<br>निग्रिह्मस, शिलांग<br>एम्स, रायपुर<br>निमहांस, बंगलौर<br>एनआईटीआरडी, दिल्ली | 31.25 लाख रु. प्रति |
| **वर्ष 2020-21 के लिए** | | | |
| समूह क | | | |
| क) | विजेता | सफदरजंग अस्पताल | 3.00 करोड़ रु. |
| ख) | रनर अप | एम्स, नई दिल्ली | 1.50 करोड़ रु. |
| ग) | प्रशस्ति पुरस्कार | जिपमेर, पुडुचेरी<br>पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़<br>डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली | प्रत्येक को 22.73 लाख रु. |
| समूह ख | | | |
| क) | विजेता | श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल, सिलवासा | 2.00 करोड़ रु. |
| ख) | रनर अप | निमहांस, बंगलौर | 1.00 करोड़ रु. |
| ग) | प्रशस्ति पुरस्कार | एम्स, ऋषिकेश<br>एम्स, भुवनेश्वर<br>एम्स, रायपुर<br>एम्स, जोधपुर<br>एनआईटीआरडी, दिल्ली<br>जीएमसीएच, चंडीगढ़<br>एम्स, भोपाल<br>एलजीबीआरआईएमएच, तेजपुर, असम | 22.73 लाख रु. प्रत्येक |
| **वर्ष 2021-22 के लिए** | | | |
| समूह क | | | |
| क) | विजेता | एम्स, नई दिल्ली | 3.00 करोड़ रु. |
| ख) | रनर अप | सफदरजंग अस्पताल | 1.50 करोड़ रु. |
| समूह ख | | | |
| क) | विजेता | एम्स, भुवनेश्वर | 2.00 करोड़ रु. |
| ख) | रनर अप | एम्स, रायपुर | 1.00 करोड़ रु. |
| | **प्रशस्ति पुरस्कार** | श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल, सिलवासा,<br>एम्स, ऋषिकेश<br>निमहांस, बैंगलोर<br>जिपमेर, पुडुचेरी<br>पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ | प्रत्येक को 50 लाख रु. |

**अनुलग्नक-III**

# चयनित स्वास्थ्य सेवा संस्थानों की संख्या

| वित्त वर्ष 2022-23 की कायाकल्प सुविधाकेंद्र | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **पीएचसी** | **यूपीएचसी** | **यूसीएचसी** | **एचडब्ल्यूसी** | **पर्यावरण अनुकूल डीएच** | **पर्यावरण अनुकूल एसडीएच/सीएचसी** | **कुल पुरस्कार विजेता सुविधाकेंद्र** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | - | - | - | - | - | - | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 541 | 265 | - | 2271 | 1 | 1 | 3079 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 15 | 1 | - | 1 | 1 | 1 | 19 |
| 4 | असम | 380 | 30 | 2 | 451 | 1 | 1 | 865 |
| 5 | बिहार | 41 | - | - | 49 | - | - | 90 |
| 6 | चंडीगढ़ | - | - | 2 | 27 | 1 | 1 | 31 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 250 | 38 | - | 500 | 1 | 1 | 790 |
| 8 | दमन दीव और दादरा नगर हवेली | 12 | - | - | 50 | 1 | 1 | 64 |
| 9 | दिल्ली | - | 93 | - | - | 1 | 1 | 95 |
| 10 | गोवा | 6 | 4 | - | 6 | 1 | 2 | 19 |
| 11 | गुजरात | 748 | 131 | 3 | 466 | 1 | 2 | 1351 |
| 12 | हरियाणा | 143 | 55 | 4 | 105 | 1 | 1 | 309 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 174 | 3 | - | 94 | 1 | 1 | 273 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 56 | 7 | - | 82 | 1 | 1 | 147 |
| 15 | लद्दाख | 10 | - | - | - | - | - | 10 |
| 16 | झारखंड | 29 | 12 | 1 | 198 | 1 | 1 | 242 |
| 17 | कर्नाटक | - | 140 | 8 | - | 1 | 1 | 150 |
| 18 | केरल | 44 | 20 | - | - | 1 | 1 | 66 |
| 19 | लक्षद्वीप | - | - | - | - | - | - | - |
| 20 | मध्य प्रदेश | 238 | 116 | 2 | 243 | 1 | 1 | 601 |
| 21 | महाराष्ट्र | - | - | - | - | - | - | - |
| 22 | मणिपुर | 40 | 6 | - | 41 | - | - | 87 |
| 23 | मेघालय | 11 | 2 | - | 9 | 1 | 1 | 24 |
| 24 | मिजोरम | 47 | 8 | - | 58 | 1 | 1 | 115 |
| 25 | नागालैंड | 41 | 6 | - | 41 | 1 | - | 89 |
| 26 | ओडिशा | 657 | 96 | 6 | 1410 | 1 | 1 | 2171 |
| 27 | पुडुचेरी | 3 | - | - | - | - | - | 3 |
| 28 | पंजाब | 38 | 30 | - | 94 | 1 | 1 | 164 |
| 29 | राजस्थान | 517 | - | - | 762 | 1 | 3 | 1283 |
| 30 | सिक्किम | 19 | - | - | 97 | 1 | 1 | 118 |
| 31 | तमिलनाडु | 1017 | 263 | 12 | 818 | 2 | 1 | 2113 |
| 32 | तेलंगाना | 306 | 94 | 1 | 292 | 1 | 1 | 695 |
| 33 | त्रिपुरा | 45 | 5 | - | 119 | 1 | 1 | 171 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 170 | 50 | - | 780 | 3 | 1 | 1004 |
| 35 | उत्तराखंड | 40 | 2 | - | 64 | 1 | - | 107 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 576 | 294 | - | - | 1 | 2 | 873 |
| | **कुल** | 6214 | 1771 | 41 | 9128 | 32 | 32 | 17218 |

*****